पत्र सूचना कार्यालय

भारत सरकार

लखनऊ

दिनांक. 13.12.2016

प्रेस विज्ञप्ति

सिद्धार्थनगर में केंद्रीय विद्यालय भवन का शिलान्यास

-केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर ने गौतम बुद्ध की धरती पर सबको अच्छी शिक्षा पर दिया ज़ोर।

केंद्रीय मानव संसाधन और विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर ने गौतम बुद्ध की धरती सिद्धार्थनगर में आज केंद्रीय विद्यालय भवन का शिलान्यास किया।

20 करोड़ की लागत से यह विद्यालय 2 साल में बनकर तैयार हो जाएगा। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता की डुमरियागंज के सांसद श्री जगदंबिका पाल ने।

विद्यालय भवन के शिलान्यास के बाद अपने उद्बोधन में केंद्रीय मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि भारत सरकार का मंतव्य है कि गौतम बुद्ध की धरती पर शिक्षा का एक अच्छा मंदिर बने। क्योंकि शिक्षा से ही जीवन यापन का कौशल मिलता है और अच्छे नागरिक का निर्माण होता है।

श्री जावडेकर ने कहा, हरेक को अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, अच्छा मकान और अच्छा रोजगार मिले यही भारत सरकार का लक्ष्य है। साथ ही बताया कि सिद्धार्थनगर का यह केंद्रीय विद्यालय 2 साल में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके निर्माण पर लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

साथ ही श्री जावडेकर ने कहा कि अगले साल से सीबीएसई बोर्ड में 10वीं की बोर्ड परीक्षा जो नहीं होती थी वो अगले साल से संचालित होगी। साथ ही 5वीं और 8वीं क्लास में भी परीक्षा होगी।

इस मौके पर डुमरियागंज से सांसद श्री जगदंबिका पाल ने इस नए बन रहे केंद्रीय विद्यालय के लिए छात्रावास की मांग की जिससे दूर दराज के बच्चे रहकर शिक्षा प्राप्त कर सकें। अपने सम्बोधन में श्री पाल ने कहा कि कौशल विकास मिशन से भी ग्रामीण नवयुवक रोजगार के लायक बन रहे हैं।

केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त संतोष कुमार मल्ल ने जानकारी दी कि देश में कुल 1142 केंद्रीय विद्यालय चल रहे हैं। और तीन शाखाएं अन्य देशों में भी चल रही हैं। श्री मल्ल ने कहा कि उनके विभाग का प्रयास है कि सिद्धार्थनगर में बनने वाला केंद्रीय विद्यालय गुणवत्तायुक्त श्रेष्ठ विद्यालयों में गिना जाए।

इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय बस्ती के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ योग विद्या का भी प्रदर्शन किया।

****

सुधीर/गौरव